दैनिक बिहार पत्रिका
DAINIK BIHAR PATRIKA

दैनिक
# बिहार पत्रिका
सच के साथ

पटना, रविवार, 11 फरवरी,2024 | पटना से प्रकाशित | संपादक - कृष्णा टेकड़ीवाल | मूल्य- ₹ 1 | पेज- 3 | वर्ष 3 | dainikbiharpatrika.com

**सुविचार**

"आज के परिणाम अतीत के कर्मो से तय होते है। अपने भविष्य को बदल पाने के लिए आज के फैसलों को बदलो।"

# सरस्वती पूजा पर नहीं बजेगा डीजे, निर्धारित रूट में ही होगा विसर्जन

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत नवगछिया अनुमंडल कार्यालय में सरस्वती पूजा को लेकर अनुमंडलीय शांति समिति की बैठक का आयोजन एसडीओ उत्तम कुमार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में एसडीपीओ ओमप्रकाश सहित पदाधिकारियों ने भाग लिया। एसडीओ ने सभी बीडीओ, अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष को विसजन रूट के भौतिक रूप से सत्यापन का निर्देश दिया। सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्र में डीजे संचालकों के साथ बैठक का निर्देश दिया गया है, जिन जगहों पर दंडाधिकारी की तैनाती होनी है, वैसे जगहों का भी प्रस्ताव मांगा गया है। एसडीओ ने कहा कि सरस्वती पूजा में डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अगर थानाध्यक्ष को लगता है कि डीजे संचालकों पर भी निरोधात्मक कार्रवाई करनी है तो थानाध्यक्ष ऐसा प्रस्ताव भेज दें। एसडीओ ने कहा कि विसर्जन जुलूस पर भी खास नजर रखी जायेगी जबकि विसर्जन के दौरान महत्वपूर्ण घाटों पर भी दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की जायेगी। एसडीपीओ ओमप्रकाश ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के नाम पर अगर अश्लील गीतों की प्रस्तुति की जायेगी तो वैसे अनुज्ञप्ति धारकों पर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में मुकेश राणा, पारसनाथ साहू, विपिन मंडल, शंकर सिंह, अशोक कुमार, रामदेव सिंह, मोहम्मद मोईनुद्दीन, मोहम्मद इरफान ने भी अपनी- अपनी बातों को रखा। बैठक में विभिन्न अंचलों के अंचलाधिकारियों, बीडीओ, थानाध्यक्षों के साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।



# बारह ज्योतिर्लिंग की यात्रा कर अपने गांव अमरपुर पहुंचा युवक, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर थानाक्षेत्र के शोभानपुर पंचायत के कुमरखाल गांव से पिछले वर्ष 15 सितंबर को बारह ज्योतिर्लिंग के दर्शन को निकले साइकिल सवार युवक बादल कुमार शनिवार को अपने गांव पहुंचे जहां ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुमरखाल गांव के जनार्दन मंडल के पुत्र बादल कुमार पिछले वर्ष 15 सितंबर को बारह ज्योतिर्लिंग तथा चारधाम यात्रा का संकल्प लेकर साइकिल से निकले। फतेहपुर पंचायत सरकार भवन परिसर में युवक बादल कुमार ने बताया कि वह 15 सितंबर 2023 को भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण तथा सनातन धर्म की रक्षा का संकल्प लेकर जिले के कटोरिया से साइकिल से निकले। उन्होंने सुल्तानगंज, देवघर से अयोध्या राम मंदिर, काशी विश्वनाथ, हरिद्वार, केदारनाथ होते हुए उत्तराखंड, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश में मंदिरों का दर्शन कर वापस अमरपुर के ज्येष्ठगौरनाथ मंदिर पहुंचे। मंदिर में ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया तथा डीजे एवं बैंड बाजा के साथ उन्हें गांव लाया। गांव में मुखिया मुन्नी देवी, जयराम यादव आदि ने उनका स्वागत किया। मुखिया ने बताया कि 12 फरवरी को चोरबैय शिव मंदिर में अखंड संकीर्तन का आयोजन होगा जिसमें बादल कुमार निर्जला रहकर अपने सीने पर कलश रखकर 24 घंटे का अनुष्ठान करेंगे।



# भागलपुर के प्रोपर्टी डीलर शंकर यादव को ट्रांजिट रिमांड पर रांची ले गई एनआईए

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**भागलपुर। बिहार।** एनआईए की टीम गिरफ्तार प्रॉपर्टी डीलर शंकर यादव को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश कर 48 घंटे की ट्रांजिट रिमांड मांगी। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने अर्जी का अवलोकन कर 24 घंटे की ट्रांजिट रिमांड को मंजूरी दे दी है। एनआईए की टीम के अनुरोध पर एसएसपी आनंद कुमार ने सुरक्षा दस्ता मुहैया करा रखा था। एनआईए की टीम ने कड़ी सुरक्षा घेरे में गिरफ्तार शंकर यादव को लेकर रांची के लिए रवाना हो गई। वहां उसे विशेष एनआईए अदालत में पेश करेगी। शंकर को एनआईए आठ फरवरी को बरारी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित आवास पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया था। घर से 01 करोड़ 30 लाख रुपये, राइफल, पिस्टल, पांच दर्जन से अधिक कारतूस, जमीन के दस्तावेज आदि बरामद हुए थे। एनआईए रांची की टीम इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जेल में बंद अमन साहू गैंग से शंकर यादव के नजदीकी रिश्ते के साक्ष्य मिलने पर गिरफ्तार करने पहुंची थी। अमन साहू का भाई आकाश साहू शंकर यादव के बरारी स्थित घर पर पनाह लेता था। गैंग की तरफ से वसूली गई लाखों की रकम को शंकर जमीन और अन्य धंधों में निवेश किया करता था। मूल रूप से मधेपुरा जिले के रहने वाले शंकर यादव की एक ट्रैक्टर की एजेंसी के अलावा बालू, छर्री, गिट्टी, सीमेंट के अलावा जमीन की खरीद-बिक्री का भी कारोबार है।

### एक दिन पूर्व रांची से लौटा था शंकर

आठ फरवरी को एनआईए की छापेमारी के एक दिन पूर्व शंकर रांची से ही भागलपुर लौटा था। उसके रांची प्रवास के दौरान उसकी अमन साहू गिरोह के लोगों से मनी ट्रांजेक्शन, लेवी और बेशकीमती भूखंड पर क जे की डील होने की बात कही जा रही है। छापेमारी में एनआईए की टीम को शंकर के कई सहयोगियों से जुड़े दस्तावेज भी हाथ लगे हैं।

### शंकर के साथ आधा दर्जन पुलिस पदाधिकारी भी पार्टनर

एनआईए की छापेमारी में जमीन से जुड़े दस्तावेज और एग्रीमेंट पेपर के अलावा हाथ लगी एक डायरी में कई चौंकाने वाली जानकारी सामने आ रही है। भागलपुर में शंकर जमीन की डील में करोड़ों का निवेश कर रखा है। यहां की दो बेशकीमती भूखंड की डील में शंकर के साथ आधा दर्जन दारोगा और इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस पदाधिकारी बतौर पार्टनर शामिल हैं। जमीन की खरीद- फरोख्त में अमन साहू गैंग के अलावे उन पुलिस पदाधिकारियों के भी पैसे लगे हुए हैं।

### शंकर के साथ जमीन की कई डील में

नवगछिया के सधुआ चापर, गोपालपुर प्रखंड के तेरासी, पंचगछिया, सैदपुर, तिनटंगा करारी के अलावा मधेपुरा के चौसा, लौआलगाम, भागलपुर के बाइपास, नाथनगर, मधुसूदनपुर, सबौर और बरारी के कई प्रॉपर्टी डीलर भी शामिल हैं। एनआईए की टीम उनकी अमन साहू गिरोह से जुड़े लोगों से ताल्लुक खंगाल रही है।



### न्यायालय में पहुंचे थे दर्जनों करीबी

ट्रांजिट रिमांड पर जब शंकर को एएनआई की टीम लेकर रांची रवाना हो रही थी तब कचहरी परिसर में दर्जनों करीबी टकटकी लगा देख रहे थे। उनमें दो-तीन बेहद करीबी दोस्तों ने स्थानीय अधिवक्ता के अलावा रांची व्यवहार न्यायालय के वकील से मोबाइल पर संपर्क करते देखे गए, ताकि आगे की कानूनी उलझन से शंकर को कैसे उबारा जा सके। एएनआई की विशेष न्यायालय रांची में शंकर की तरफ से अर्जी देने की भी तैयारी करीबियों ने शुरू कर दी है। सड़क मार्ग से दो लग्जरी गाड़ियों से उसके करीबी भी रांची रवाना हो गए हैं।

# भागलपुर हवाई अड्डा के लिए 475 एकड़ जमीन की खोज शुरू

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**भागलपुर। बिहार।** सिविल विमानन निदेशालय ने सिल्क सिटी भागलपुर में हवाई अड्डा को विकसित करने के लिए 475 एकड़ जमीन ढूंढने को कहा है। इसको लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग ने डीएम को हवाई अड्डा के निर्माण के लिए भूमि चिन्हित किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करते हुए विभाग को सूचित करने को कहा है। निदेशक संचालन निशीथ वर्मा ने विधानसभा में गैरसरकारी संकल्प संख्या- 1 32/23 दिनांक 31 मार्च 2023 द्वारा मंत्री द्वारा कहलगांव के विधायक पवन यादव के सवाल पर आश्वासन देने का हवाला देकर जमीन ढूंढने को कहा है। विभाग के पत्र के बाद राजस्व शाखा ने सभी अंचलाधिकारियों को 475 एकड़ जमीन का ब्योरा तुरंत देने को कहा है। हालांकि भागलपुर में इतनी जमीन मिलनी मुश्किल ही है। क्योंकि दो-तीन साल पहले सेंट्रल यूनिवर्सिटी के निर्माण के लिए 500 एकड़ जमीन की मांग की गई थी। लेकिन इतनी जमीन नहीं मिलने पर न्यूनतम 200 एकड़ की रिपोर्ट देने को कहा गया था।

# आदित्य की मौत से सिमरा गांव में पसरा मातम

**मृतक आदित्य कुमार झा इकलौता पुत्र व बीटेक का छात्र......**

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत नवगछिया नगर परिषद क्षेत्र के सिमरा गांव के नरेंद्र झा के पोता आदित्य कुमार झा की डूबने से हुई मौत पर घर परिवार सहित पूरे गांव में मातम का माहौल है। मृतक के पिता अविनाश कुमार झा आर्मी के जवान है, वह जम्मू कश्मीर में पोस्टेड है। वह जम्मू से पुत्र के डूबने की सूचना पाकर घटनास्थल छत्तीसगढ़ से रायपुर पहुंच रहे हैं। वहीं आदित्य की मां को भी जैसे ही सूचना मिली वह दोपहर बाद भागलपुर से अकेली निकल पड़ी है। सुबह रायपुर पहुंचने की सूचना परिजनों से मिली है। मृतक आदित्य कुमार झा का शव एसडीआरएफ टीम ने बरामद कर लिया है। पोस्टमार्टम के लिए परिजन के इंतजार में है। वहीं घटना के बाद पूरे परिवार में मातम का माहौल है। अविनाश झा एवं ममता देवी का आदित्य एकलौता पुत्र था। काफी मेहनत कर बेटे को बीटेक पढ़ाई के लिए छत्तीसगढ़ के रायपुर कलिंगा इंस्टिट्यूट में नामांकन कराया था। लेकिन वह जलाशय में काल के गाल में समा गया। मृतक तृतीय वर्ष का छात्र था। घर में आदित्य के उपनयन की तैयारी चल रही थी। जो घटना के बाद मातम में बदल गयी। इसी माह के अंत तक उपनयन होना था लेकिन होनी को कौन टाल सकता है। घटना की सूचना पर उसके दादा नरेंद्र झा एवं ग्रामीण वहां पर पहुंचकर घटना की जानकारी ले रहे थे। दादा ने बताया कि आदित्य काफी होनहार था लेकिन होनी को कौन टाल सकता है। परिजन के आंसू रोकने का नाम नहीं ले रहा था। वहीं दादा भवानी देवी बदहवास होकर पड़ी हुई है।

# बिहार पेंशनर समाज रजौन इकाई ने मनाया 14वां स्थापना दिवस




दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत रजौन बाजार के ऐतिहासिक शूजा शिकार तालाब के दक्षिणी छोर पर अवस्थित श्रीराजवनेश्वरनाथ महादेव मंदिर, प्रेस क्लब एवं यज्ञशाला के निकट स्थित बिहार पेंशनर समाज रजौन इकाई ने अपना 14वां स्थापना दिवस शनिवार को धूमधाम से मनाया। स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता पेंशनर समाज रजौन इकाई के सदस्य अर्जुन दास एवं संचालन नरेश पांडेय कर रहे थे। अपने 14वें स्थापना दिवस पर वित्तीय वर्ष 2023-24 का लेखा-जोखा पेंशनर समाज महासचिव ई. रघुनंदन पोद्दार ने प्रस्तुत किया। इस मौके पर महासचिव ई. रघुनंदन पोद्दार ने कहा कि बिहार पेंशनर समाज रजौन इकाई में अभी वर्तमान समय में करीब 225 सदस्य है। वहीं इस दौरान जिले से आए हुए मुख्य अतिथियों का स्वागत बुके, माल्यार्पण आदि से करते हुए किया गया। स्थापना दिवस पर उपस्थित सभी पेंशनरों को डायरी भेंट कर सम्मानित भी किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर जिलाध्यक्ष इंद्रजीत दुबे, जिला संगठन सचिव पुन्ना प्रसाद यादव, जिला सचिव मटुकी दास, जिला प्रतिनिधि गोवर्धन सिंह, कोषाध्यक्ष कपिल देव भगत, विशिष्ट अतिथि विश्वनाथ झा, अर्जुन दास, उप सचिव रंजीत प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष गिरधारी साह, अजय भारद्वाज, रजौन पंचायत के पूर्व मुखिया गंगा देवी, नकुल प्रसाद यादव, माधो मंडल सहित बिहार पेंशनर समाज रजौन इकाई के सम्मानित सदस्यगण आदि उपस्थित थे।

# भागलपुर डीएम ने वैकल्पिक बाईपास पथ के निर्माण स्थल का लिया जायजा

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा





**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत शहरी क्षेत्र में जाम की समस्या से निपटने हेतु किये जा रहे प्रयास क्रम में जिलाधिकारी डॉ0 नवल किशोर चौधरी द्वारा गंगा किनारे वैकल्पिक बाईपास पथ के निर्माण का सुझाव दिया गया था। प्राप्त सुझाव के आलोक में पथ निर्माण विभाग, पटना द्वारा उक्त वर्णित बाईपास पथ निर्माण के संभावना अध्ययन हेतु टीम का गठन किया गया है। बीएसआरडीसी (बिहार स्टेट रोड डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन) से संबंधित उच्चाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम के साथ जिलाधिकारी ने शनिवार को बाबूपुर मोड़, विक्रमशीला पुल, टीएनबी कॉलेज के पीछे, चंपानाला पुल का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में गंगा किनारे वैकल्पिक बाईपास पथ निर्माण के तकनीकी पहलुओं के संबंध में उक्त वर्णित टीम के साथ विस्तृत विचार- विमर्श किया गया। इस संदर्भ में ज्ञात हो कि जाम की समस्या के निदान हेतु किये जा रहे प्रयास क्रम में गंगा किनारे वैकल्पिक बाईपास पथ का निर्माण कराया जाना अतिआवश्यक है। गंगा किनारे वैकल्पिक बाईपास का निर्माण होने से शहरी क्षेत्र के सड़कों पर वाहनों का दबाव कम हो जायेगा। जिसके फलस्वरूप जाम की समस्या उत्पन्न होने की संभावना काफी कम हो जायेगी। साथ ही पर्यटन के अवसर बढ़ेंगे एवं अनेकों व्यक्तियों को इस माध्यम से रोजगार भी मिलने की संभावना है। भ्रमण के क्रम में नगर आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, कार्यपालक अभियंता आरसीडी, बीएसआरडीसी से संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# आपसी विवाद में पिता- पुत्र को पीटकर किया जख्मी



दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर थानाक्षेत्र के कौशलपुर गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट में पिता- पुत्र जख्मी हो गए। घायल संतोष साह ने बताया कि गांव में उनकी एक किराना दुकान है, शनिवार को गांव के ही कुंदन यादव दुकान पर आए तथा उनसे गाय के घट्टा खरीदा तथा बिना पैसे दिए घर जाने लगे। जब उन्होंने पैसे मांगे तो वह गाली- गलौज करने लगा। जब उन्होंने गाली देने से मना किया तो उनके सिर पर वार कर उन्हें जख्मी कर दिया। मारपीट की बात सुनकर उनके पिता राजेंद्र साह वहां पंहुचे तो उन्हें भी पीटकर जख्मी कर दिया। घायल पिता- पुत्र को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने उनका उपचार किया। उन्होंने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

# विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सहायता सह जागरूकता शिविर आयोजित





दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर के ज्येष्ठगौरनाथ मंदिर परिसर में शनिवार को बिहार राज्य विधिक सेवा अधिकार पटना के निदेश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सहायता सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता आनंद देव चौधरी ने की। शिविर में सिविल जज विजय कुमार एवं क्षितिज अनुपम, मजिस्ट्रेट शशांक शेखर , अश्विनी कुमार, अधिवक्ता संतोष कुमार सिंह, सुबोध कुमार मोदी, कुमारी प्रियंका के अलावा अशोक सिंह, अशोक कुमार पांडेय, संजय सिंह, पीएलवी शैलेन्द्र शामिल हुए। सिविल जज ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए दहेज अधिनियम, पीएसडीटी आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गर्भधारण करने के बाद भ्रूण परीक्षण करना कानूनन अपराध है। कुछ लोग चोरी छिपे भ्रूण परीक्षण कराते हैं तथा लड़की का भ्रूण देखते ही गर्भपात करा देते हैं। उन्होंने कहा कि एक्ट के तहत वैसे क्लीनिक को चिन्हित कर उससे जुड़े लोगों के लिए सजा का प्रावधान है। सिविल जज ने दहेज लेने या देने वालों के लिए भी सजा के प्रावधान की बात कही। अधिवक्ता श्री चौधरी ने कहा कि सभी लोग थाना या कोर्ट जाने से पहले खुद से ही विवाद का निपटारा कर लें, इससे कोर्ट पर छोटे-छोटे मामले का दबाव कम होगा तथा बड़े मामलों का निपटारा जल्द हो सकेगा। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष दुर्गा सिंह, पंकज सिंह, आत्मदेव सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पर्व को लेकर अमरपुर में 100 लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

बांका। बिहार। जिलांतर्गत अमरपुर पुलिस ने विभिन्न पर्वों को देखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 100 लोगों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सरस्वती पूजा, माघी काली पूजा एवं शब-ए-बरात पर्व को लेकर विभिन्न गांवों के एक सौ लोगों पर धारा 107 की कार्रवाई हुई है। पुलिस ने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस की नजर असामाजिक तत्वों पर रहेगी तथा गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने क्षेत्र में आमलोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा अफवाह फैलाने वाले की सूचना देने की बात कही है ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

## अमरपुर में चार जगहों पर बनेंगे सार्वजनिक शौचालय

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

बांका। बिहार। जिलांतर्गत अमरपुर शहर के लोगों की सार्वजनिक शौचालय की चिर प्रतीक्षित मांग अब पूरी होने का समय आ गया है। शहर में सार्वजनिक शौचालय तथा यूरिनल की मांग वर्षों से की जा रही थी। नगर पंचायत की मुख्य पार्षद रीता साहा ने बताया कि शहर में चार जगहों पर सार्वजनिक शौचालय निर्माण का प्रस्ताव लिया गया था। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि सीओ द्वारा प्राप्त अनापत्ति प्रमाण- पत्र के आधार पर चार जगहों पर शौचालय निर्माण का प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि अमरपुर रेफरल अस्पताल तथा रजिस्ट्री कचहरी के सामने खाली पड़ी जमीन पर, सार्वजनिक पुस्तकालय के सामने, राजस्व कचहरी परिसर में तथा अमरपुर हाट पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया जाना है। इन जगहों पर शौचालय निर्माण होने से ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी तथा स्थानीय लोगों द्वारा वर्षों से की जा रही मांग भी पूरी हो जाएगी। इसके अलावा नगर पंचायत कार्यालय में बैठक के लिए हॉल बनाने का भी प्रस्ताव लिया गया है। इसका भी प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया गया है।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का बीडीओ ने किया उद्घाटन





दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर रेफरल अस्पताल में शनिवार से शुरू हुए फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ बीडीओ गोपाल गुप्ता ने मरीजों को दवा खिलाकर किया। इस मौके पर पीरामल फाउंडेशन के एसडीसी राकेश कुमार ने कहा कि यदि इस बीमारी का पता शुरुआती दौर में ही चल जाए तो इसे दवा खिलाकर ठीक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र, एपीएचसी, आंगनबाड़ी केंद्र तथा स्कूलों में यह कार्यक्रम 28 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान आशा कार्यकर्ता घर- घर जाकर लोगों को दवा खिलाएंगी। उन्होंने बताया कि दो से पांच वर्ष तक के बच्चों को एक टेबलेट, छह से 14 वर्ष तक के बच्चों को दो टेबलेट तथा 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को तीन टेबलेट का डोज दिया जाएगा। सभी आशा कार्यकर्ता को निर्देश दिया गया है कि इस अभियान में कोताही नहीं बरतें। इस मौके पर बीसीएम सोनम भारती तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

# सरस्वती प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बिहार।** विद्या की देवी मां शारदे की प्रतिमा निर्माण करने वाले कलाकारों ने प्रतिमाओं पर रंगों का ब्रश चलाना तेज कर दिया है। गौरतलब है कि 14 फरवरी को वसंत पंचमी है, अब पूजा के दिन शेष रह गए है, ऐसे में विभिन्न स्तरों पर पूजा की तैयारी भी जोर- शोर से चल रही है। वहीं छात्र- छात्राएं सार्वजनिक स्तर पर प्रशासनिक मनाही को देखते हुए निजी स्तर पर मां सरस्वती की आराधना को लेकर तैयारी में जुटे है। मौसम के अनुकूल रहने के कारण कुम्हारों की मूर्तियां भी समय से तैयार हो चुकी है लिहाजा मूर्तियों पर रंग- रोगन करना आसान दिख रहा है। वहीं डीजे नहीं बजेगा और ना ही जुलूस निकलेगा। सिल्क सिटी भागलपुर व बांका में मूर्ति कलाकार ललन प्रजापति, रोबिन कुमार, जवाहर झा, नितीश कुमार व मुंशी प्रजापति ने कहा कि मां की मूर्ति का अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं मूर्ति कलाकार ललन प्रजापति व मुंशी प्रजापति ने बताया कि लगभग 25 वर्षों से प्रतिमाएं बनाकर अपने परिवार का भरण- पोषण करते आ रहे है।



### कारीगरों के चेहरे पर बेबसी की झलक:-

कोई पुश्तैनी धंधे को बचाने में लगा है तो कोई आत्म संतुष्टि के लिए अपनी कला का जौहर दिखा रहा है। इनके हाथों से मिट्टी की मूर्ति का नायाब रूप देख भले ही हर कोई तारीफ करने पर विवश है, मगर मूर्तियों में जान डालने वाले इन हुनरमंदों के कड़ी मेहनत के बावजूद इन्हें मनमाफिक रकम मिलने की गुंजाइश नहीं दिख रही है।

# निर्धारित रुट और तय समय पर ही प्रतिमा का होगा विसर्जन

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा



**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत नवगछिया अनुमंडल के खरीक थाना परिसर में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर नरेश कुमार की अध्यक्षता एवं बीडीओ राजीव रंजन कुमार के संचालन में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। जिसमें प्रखंड के जनप्रतिनिधि, दोनों समुदायों के गणमान्य एवं बड़ी संख्या में पूजा कमेटी के सदस्य शामिल हुए। बीडीओ ने मौजूद लोगों से कहा कि डीजे पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि सभी लोग भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाएं। हर हाल में तय समय पर निर्धारित रुट से ही प्रतिमा का विसर्जन होगा। मौके पर जेएसआई सनोज कुमार राजवंशी, पीएसआई अमित कुमार, प्रखंड प्रमुख शंकर प्रसाद यादव, पूर्व मुखिया संजय चौधरी, मुखिया गणेश मंडल, मुखिया पति विजय कुमार साह, सरपंच गोविंद कुमार, सनाउल्ला अंसारी, नियामत अंसारी, सुधांशु गुप्ता, सुशील कुमार भारती, जयंत चौधरी आदि मौजूद थे।

# बांका: सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता रैली




दैनिक बिहार पत्रिका। प्रदीप कुमार

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली आजाद चौक से होते हुए गांधी चौक फिर गांधी चौक से वीर कुंवर सिंह मैदान होते हुए डोकानिया मार्केट होते हुए शिवाजी चौक फिर शिवाजी चौक से होते हुए गांधी चौक होते हुए परिवहन कार्यालय तक निकालीं गई। इस रैली के माध्यम से सड़क सुरक्षा के तहत लोगों में जन जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। सड़क पर वाहन चलाते समय नियमों का पालन करने से खुद के साथ दूसरों को भी बचाया जा सकता है। दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट और चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए। यातायात सिग्नल का पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने, गति सीमा का ध्यान रखने जैसी जानकारी दी गई। इस रैली का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा की दृष्टि से आमजनों को यातायात के नियमों एवं प्रावधानों से अवगत कराते हुए सड़क पर होने वाले हादसा में कमी लाने हेतु लोगों में जन जागरूकता लाना है। इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटर यान निरीक्षक, यातायात प्रभारी, नवनियुक्त सभी प्रवर्तन अवर निरीक्षक एवं जिला परिवहन कार्यालय बांका में प्रतिनियुक्ति सभी कर्मी मौजूद रहे।

BREAKING NEWS

## अलग-अलग मारपीट की घटना में दो युवक घायल

दैनिक बिहार पत्रिका ,खगड़िया

**परबत्ता ।** थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग मारपीट की घटनाओं में शनिवार को दो युवक घायल हो गए । घायलो में मोबाइल दुकानदार मो .इरसाद व मोजाहिदा गांव निवासी गुलशन कुमार शामिल हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार को परबत्ता बाजार स्थित मोबाइल दुकान में एक ग्राहक मोबाइल रिचार्ज के लिए आया हुआ था । इसी बात को लेकर ग्राहक व दुकानदार के बीच मारपीट हो गई। इस मारपीट की घटना में मोबाइल दुकानदार भी घायल हो गया। वही दूसरी ओर क्रिकेट खेलने के दौरान हुई मारपीट की घटना में दिलखुश घायल हो गया । सभी घायलों का प्राथमिक उपचार सीएचसी में किया जा रहा है । इधर डॉ राजीव कुमार ने बताया कि सभी घायलों का फिलहाल प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

## दाननगर से दो लीटर देसी शराब बरामद

दैनिक बिहार पत्रिका ,खगड़िया

**खगड़िया।** नगर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि लगातार शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। नियमित अंतराल पर शराबियों को गिरफ्तार किया जा रहा है।

## सरस्वती पूजा समिति को लाइसेंस लेना आवश्यक

दैनिक बिहार पत्रिका ,खगड़िया

**गोगरी।** गोगरी थाना क्षेत्र में सरस्वती प्रतिमा स्थापित कर मेला समारोह आयोजन करने वाले पूजा समिति को अनुमंडल कार्यालय से लाइसेंस लेना आवश्यक है। इधर गोगरी थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि सभी पूजा कमेटी को स्थानीय चौकीदार के माध्यम से सूचना प्रेषित की गई है।

## बेलदौर सुखाय बासा की टीम पहुंची फाइनल में

दैनिक बिहार पत्रिका ,खगड़िया

**बेलदौर।** दिघौन पंचायत के सुखाय बासा गांव में शनिवार को आयोजित टी ट्वेंटी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल मैच में मेजबान टीम ने मेहमान टीम को पराजित कर टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए नारायणपुर की टीम ने 17 ओवर 1 गेंद में सभी विकेट खोकर 151 रन ही बना सकी, जबकि जबाब में उतरी सुखाय बासा की टीम ने 11ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य की प्राप्ति कर लिया।

## सौ मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में शुभम ने मारी बाजी

दैनिक बिहार पत्रिका ,खगड़िया

**खगड़िया।** मानसी रेलवे खेल मेदान में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला फुटबॉलर सपना उर्फ गुड़िया मेमोरियल खेल महोत्सव में आयोजित सौ मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शुभम कुमार, दूसरे स्थान पर मो. शमशेद उद्दीन व तीसरा स्थान विशाल कुमार ने प्राप्त किया। वहीं दूसरे राउंड के सौ मीटर में प्रथम दिलखुश कुमार, द्वितीय रामेश्वर कुमार एवं तीसरा स्थान रितेश कुमार को मिला। तीसरे राउंड के सौ मीटर में प्रथम स्थान पर शिखा कुमार, दूसरा स्थान पर प्रवीण व तीसरा स्थान पर निशा ने जगह बनायी। दो सौ मीटर में प्रथम स्थान पर रवि, दूसरा स्थान पर सूरज, तीसरा स्थान पर अभिषेक जिसके बाद चार सौ मीटर दौर में प्रथम स्थान पर शिखा, दूसरा स्थान पर रौशनी, तीसरा स्थान पर काजल ने प्राप्त किया है। मौके पर रेलवे प्राथमिक विद्यालय, मानसी के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार रौशन, शिक्षक निलेश निरंजन, वार्ड पार्षद सह लोजपा नेता हीरानंद यादव व अनिल पासवान आदि थे।

# बेलदौर: किसान मेला को लेकर बैठक आयोजित



दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया

**बेलदौर** प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन के किसान सभा केंद्र में आगामी किसान मेला को लेकर प्रखंड कृषि पदाधिकारी सरयुग रविदास की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई । इस बैठक में प्रखंड क्षेत्र के किसान सलाहकार एवं कृषि सम्यक के विच आयोजित की गई। मालूम हो कि आगामी 12 फरवरी को ई किसान भवन के प्रांगण में कृषि यांत्रिक करण मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में छोटे-छोटे कृषि यंत्र कुदाल खुरपी हसवा इत्यादि का वितरण किया जाएगा इसके लिए किसानों को डीबीटी पोर्टल पर ऑनलाइन कर आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए किसानों को 15 फरवरी तक डीबीटी पोर्टल खुला है ।साथ ही किसानों को अनुदान की दर पर कीटनाशी केरोमेन ट्रैप या ड्रोन स्प्रे विभागीय पोर्टल ऑनलाइन आवेदन कर प्राप्त कर सकते हैं। वही मौके पर किसान सलाहकार राज कपूर सिंह क कुणाल माधुरी कुमारी कृषि सम्यक राम प्रकाश चौधरी शंभू कुमार सिंह संजय कुमार राम अनिल कुमार विवेक कुमार सहित दर्जनों कर्मी मौजूद थे|

# तेजस्वी यादव बिना कागज देखे GDP का फुल फॉर्म लिख दें तो हम मान जाएंगे: प्रशांत किशोर



दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया

जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के जीडीपी वाले बयान पर तंज कसा है। वहीं कहा कि जो स्कूल नहीं गया, फेल हुआ, पिछली बेंच पर बैठा वही यहां का नेता है। वही बता रहा है कि यहां विकास हो रहा है। उसे विकास लिखने नहीं आता है कि इस शब्द को लिखने में बड़ी ई की मात्रा का प्रयोग होता है या छोटी इ का। अभी आपने कुछ दिन पहले देखा होगा कि यहां के नेता तेजस्वी यादव ने कहा था कि GDP तो सबसे ज्यादा बिहार की है, उनको ये समझ ही नहीं है कि GDP है क्या? अगर, बिहार का GDP सबसे ज्यादा है, तो 28वें नंबर पर कौन सा राज्य है? GDP के मामले में बिहार देश के सबसे पिछले पायदान 28वें नंबर पर है पर पूर्व उप-मुख्यमंत्री कैमरे पर कह रहे हैं देश में सबसे ज्यादा GDP तो हम लोगों का है। हुआ ये होगा कि किसी अफसर ने बताया होगा कि सर GDP में ग्रोथ हम लोगों का सबसे बेहतर है। तेजस्वी यादव को GDP और GDP में ग्रोथ का अंतर ही समझ में नहीं आया और कह दिया कि देश में हमारा GDP सबसे बेहतर है। जब आप विद्यालय में नहीं जाते हैं और जीवन में पढ़े ही नहीं तो आपकी यही दशा होगी।

### तेजस्वी यादव की बस यही पहचान है कि वो लालू के लड़के हैं: प्रशांत किशोर

प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि जैसे सरकार का एक मेंडेट है कि नेताओं को अपनी संपत्ति का ब्योरा देना होता है, उसी प्रकार यह भी जारी करना चाहिए कि नेताओं ने कौन सी किताब पढ़ी है। अगर मेरा बस चले तो एक नियम यह भी जारी करना चाहिए कि नेताओं ने पिछले एक साल में कौन सी किताब पढ़ी है उसके बारे में बताएं। इन लोगों को क्या मतलब है इससे, उलूल-जलूल बातें की, लोगों को जाति-धर्म में बांटा, पैसा, शराब, बालू का काम किया, पैसा वसूल कर टिकट बांटा, जाति के नाम पर लोग गरीबी-मजबूरी में वोट दे देते हैं उसके बाद नेता बनकर ज्ञान दे रहा है। तेजस्वी यादव अगर बिना कागज देखे जीडीपी का फुल फॉर्म लिख दें तो हम मान जाएंगे। खड़े होकर जीडीपी के बारे में बता दें कि ये होता क्या है, कम है, ज्यादा है उसके बारे में छोड़ दीजिए। अपने सारे सलाहकारों की मदद लेने के बाद भी अगर तेजस्वी यादव बिना कागज देखे हुए जीडीपी को परिभाषित कर दें कि जीडीपी होता क्या है, जीडीपी का कैल्कूलेशन होता कैसे है, तो हम ये काम छोड़कर तेजस्वी यादव का झंडा ले लेंगे। खाली वह 4 दिन तैयारी करके कैमरे पर आकर बता दें कि जीडीपी जोड़ा जाता है। तेजस्वी यादव की क्या पहचान है, वो नौंवी फेल आदमी है।

# खगड़िया: 16 दिनों से बैठे अनिश्चितकालीन अनशनकारी के समर्थन में उतरे समाजसेवी

दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया

देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव, महासचिव उमेश ठाकुर, सचिव धर्मेंद्र कुमार, सह सचिव कालेश्वर ठाकुर, संयुक्त सचिव लालमणि सदा, सहकर्मी तितली भारती, अधिवक्ता सच्चिदा यादव, पांडव यादव, गणेश तांती आदि ने धरना स्थल पर पहुंचकर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विगत 16 दिनों से समाहरणालय के समक्ष अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठे समाजसेवी जितेंद्र कुमार के 16 सूत्री मांगों को जायज ठहराते हुए पूरजोर समर्थन किया। वहीं 16 दिन गुजरने के बावजूद जिलाधिकारी द्वारा सुधि नहीं लेने एवं उक्त संवेदनहीनता के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन का उदासीनता अनदेखी उपेक्षा के विरुद्ध एवं मांगों के बाबत जमकर नारे लगाए। अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव सहित समाजसेवियों ने कहा कि सभी स्कूलों में योग की शिक्षा देने, योग शिक्षक की बहाली करने, जिला से लेकर प्रखंड तक सभी सरकारी कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, खगड़िया से लेकर अलौली तक जल्द ट्रेन चालू करने, 52 कोठरी 53 द्वार, अलौली गढ, पीरनगरा का कुआं, चंदवा डीह, अघोरी स्थान,

### जिला प्रशासन के सुधि नहीं लेने व संवेदनहीनता पर जताया आक्रोश, की घोर निंदा



कसरैया धार, कात्यायनी मंदिर आदि धरोहर विरासत को पर्यटन स्थल का दर्जा देने एवं जीरणोद्धार करने मोटेशन करने - रसीद काटने में घूसखोरी, प्रधानमंत्री आवास में घूसखोरी, शिक्षा स्वास्थ्य बिजली विभाग आदि में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, योग युक्त-भ्रष्टाचार मुक्त खगड़िया बनाने आदि मांग जिला प्रशासन एवं सरकार से मांग किया। श्री यादव ने पटना के पुराना संग्रहालय के अस्तित्व को बचाने , 2017 से बंद पड़े म्यूजियम को जल्द चालू करने, पुराने म्यूजियम के सभी पुरातत्व सामग्री को पुन: वापस कर पुराने म्यूजियम में स्थापित करने, अपने म्यूजियम को तोड़े बगैर अन्यंत्र रिक्त स्थल से सुरंग आर्ट गैलरी बनाने, सभी पंचायत के सफाई कर्मी का लंबित वेतन भुगतान करने एवं जूता दस्ताना ड्रेस मास्क कुदाल फावड़ा किट उपलब्ध कराने आदि मांग किया। श्री यादव ने कहा की मांग जल्द पूरा नहीं किया गया तथा अनशनकारी से जल सम्मानजनक वार्ता नहीं किया गया तो देश बचाओ अभियान आंदोलन तेज करने को विवश होगा जिसका जिम्मेवारी जिला प्रशासन की होगी।

# "34वें सड़क सुरक्षा माह 2024" का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन

### जागरुकता रथ का समाहरणालय परिसर से किया गया शुभारंभ



दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया

**खगड़िया |** जिलाधिकारी श्री अमित कुमार पांडेय द्वारा हरी झंडी दिखाकर "सड़क सुरक्षा माह 2024" संबंधित जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर से रवाना किया गया। सड़क सुरक्षा माह 2024 राष्ट्रीय स्तर पर 15 जनवरी से 14 फरवरी तक मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम यथा प्रदूषण/ फिटनेस कैंप, विशेष वाहन जांच अभियान, "रोको-टोको अभियान", नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर, गुड समेरिटन हेतु प्रोत्साहन, संधि स्थलों पर ट्रैफिक कामिंग मेजर्स, जागरूकता रैली एवं अंब्रेला मार्च का आयोजन किया गया है। यातायात नियमों एवं सड़क संबंधी सतर्कता के बारे में जागरुकता कायम करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उद्घाटन कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# नियोजित शिक्षकों ने निकाला मशाल जुलूस




रेशु रंजन , दैनिक बिहार पत्रिका

**खगड़िया |** बिहार शिक्षक एकता मंच के आह्वान पर शहर में शिक्षकों ने शनिवार की शाम मशाल जुलूस निकालकर विरोध जताया। इस दौरान शिक्षकों ने सरकार विरोधी नारे लगाए तथा दमनात्मक कार्रवाई के खिलाफ गोलबंद हुए एवं सक्षमता परीक्षा बहिष्कार का संकल्प लिया। शिक्षक नेताओं में अध्यक्ष मंडल और सचिव मंडल ने संयुक्त रूप से बताया कि सूबे के तमाम नियोजित शिक्षक दक्षता एवं पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण है तो फिर यह कैसी परीक्षा। क्या शिक्षक जीवन भर परीक्षा ही देते रहेंगे। अध्यक्ष मंडल ने बताया कि बिना शर्त राज्यकर्मी का दर्जा की प्राप्ति तक हमारा संघर्ष न्यायालय से लेकर सड़क एवं सदन तक जारी रहेगा। शिक्षकों से आह्वान करते हुए कहा कि पूरी एकजुटता के साथ 13 फरवरी को विधानसभा के समक्ष विराट प्रदर्शन मे मजबूती के साथ पटना के धरती को पाट देना है। मौके पर घटक संगठन के अध्यक्ष मंडल के सदस्य मनीष कुमार सिंह, नंदन यादव, संजय यादव, सौरभ कुमार सिंह, श्यामनंदन, अशोक यादव,संजय कुमार, आदित्य प्रियदर्शी, मनीष प्रियदर्शी, रिचा योगमयी, रविशंकर, अशफाक, सौरभ, विनीत विक्रम, दयानंद रजक, धर्मेंद्र शास्त्री, अरुण, पुरुषार्थ, कुमोद ,ब्रह्मदेव राम, प्रमोद भारती, संजय, प्रशांत, संगीता, सविता कुमारी, अमृति, सुधा कुमारी, ज्योति, अमित, आलोक रंजन, पंकज कुमार, सेमा कुमारी, मीना कुमारी, अरुण कुमार, मो. अयूब अली, कौसर, यशवंत कुमार,अजय चौरसिया, रोजी मैडम, बलि हसन, मुन्ना कुमार, अलौली प्रखंड अध्यक्ष सुबोध कुमार, चौथम अध्यक्ष प्रभात कुमार ,अध्यक्ष रवि शंकर कुमार, मानसी के आलोक रंजन सहित कई शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

# अपने बच्चों के शिक्षा व रोजगार के नाम पर करें वोट: पीके

रेशु रंजन , दैनिक बिहार पत्रिका

**खगड़िया:** जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने शनिवार को मानसी प्रखंड के कई गांवों में पदयात्रा की। इस दौरान जनता को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि मैं 17 महीनों से पैदल चल रहा हूं। वहीं देख रहा हूं कि बिहार में रोड पर दिखने वाले आधे से ज्यादा बच्चों के शरीर पर शुद्ध कपड़ा नहीं है। जिस गांव में भी मैं जाता हूं रास्ते में अगर 100 बच्चे मिलते हैं, तो उनमें से आधे बच्चों के शरीर पर शुद्ध कपड़ा नहीं होता और उनके पैरों में हवाई चप्पल नहीं होता। जब वोट देने का समय आता है तो उन्हीं बच्चों के मां-बाप जाति के नाम पर वोट देते हैं। वही मां-बाप कहते हैं कि हमें काफी कष्ट है। भला कष्ट कैसे नहीं रहेगा, आपको अपने बच्चों की चिंता ही नहीं है। बिहार में लोगों को सुधरना नहीं है। प्रशांत किशोर ने कहा कि बहुत लोग कहते हैं कि बिहार में विकल्प नहीं था, आप विकल्प बनाइए हम आपका साथ देंगे। हमें आपका साथ नहीं चाहिए, आप तो वो लोग हैं जो अपने बच्चों के साथ नहीं खड़े हुए। हमारे साथ क्या खड़े होइएगा। यहां कोई ऐसा घर नहीं है जहां जवान लड़का, आपका पति, भाई, बेटा बाहर मजदूरी करने नहीं गया। इसलिए वोट सोच-समझकर दीजिए।

अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार के नाम पर दीजिए।



### प्रशांत किशोर ने कुल 11.3 किलोमीटर तक की पदयात्रा

प्रशांत किशोर ने शनिवार को कुल 11.3 किलोमीटर तक पदयात्रा की। इस दौरान वे मानसी प्रखंड के घरारी, जागृति टोला, अरैया, एकनिया, मानसी खुतिया, चक हुसैनी, राजाजन, चौकठी, बख्तियारपुर, थटहा दुर्गा मंदिर तक गए। वहीं कैंप में रात्रि विश्राम किया।

# बोरना पंचायत में एक दिवसीय उधमिता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

रेशु रंजन , दैनिक बिहार पत्रिका

**खगड़िया | गोगरी** प्रखंड क्षेंत्र कें अंतर्गत बोरना पंचायत के उच्च विद्यालय के प्रांगण में सूक्ष्म ,लघु , एवम मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से एक दिवसीय उधमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें की वाणिज्य पदाधिकारी खगड़िया की अद्यक्षता में आयोजन किया गया जिसमें की सूक्ष्म लघु, एवम मध्यम उद्यमी योजना भारत सरकार के सहायक निदेशक आर के यादव, (जिविका)जिला परियोजना प्रबंधक अजीत कुमार



प्रखंड परियोजना प्रबंधक संतोष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोगरी राजाराम पंडित ,यूनियन बैंक की प्रिंयका कुमारी ,बोरना पंचायत मुखिया प्रतिनिधि नासिर इकबाल और सैकड़ो ग्रामीण रहे मौजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी राजाराम पंडित ने कहा की बोरना पंचायत के मुखिया के द्वारा लगातार विकास किया जा रहा है इस विकास में अधिकारियों के अलावे आम जनों का सहयोग लगातार मिल रहा है।